श्री संजय कुमार, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 18.07.2018 को नगर परिषद, बिक्रमगंज के कार्यों का किये गये निरीक्षण से सम्बन्धित निरीक्षण प्रतिवेदन ।

विभागीय आदेश ज्ञापांक 3725 दिनांक 17.07.2018 के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 18.07.2018 को रोहतास जिलान्तर्गत नगर परिषद, बिक्रमगंज के कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया जिससे सम्बन्धित प्रतिवेदन निम्नवत् है :–

- नगर परिषद, बिक्रमगंज में **HFA(U)** योजनान्तर्गत स्वीकृत 758 आवासीय इकाई के विरूद्ध 189 में कार्य प्रारम्भ कराया गया जिसमें से मात्र 01 (एक) इकाई का ही निर्माण कार्य अब तक पूर्ण कराया गया है । इस प्रकार प्रगति काफी धीमी एवं असंतोषप्रद है ।
- **हर घर नल का जल** निश्चय योजना के अन्तर्गत इस निकाय का वर्ष 2018–19 में निर्धारित लक्ष्य 818 के विरूद्ध 250 घरों में कार्य प्रारम्भ किया गया है, परन्तु अभी तक एक भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है । इस प्रकार इस योजना की प्रगति भी असंतोषप्रद है ।
- **हर घर तक पक्की गली नाली** निश्चय योजना के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में 11 वार्डो में अब तक कुल 0.641 कि0मी0 की लम्बाई में गली नाली का निर्माण कराया जा चुका है जिससे लाभान्वित घरों क संख्या 331 है ।
- **SBM(U)** योजनान्तर्गत वर्ष 2016–17 से अब तक 2535 घरों में शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है । कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही शेष घरों को इस योजना से आच्छादित करते हुए नगर निकाय को ODF घोषित किया जायेगा ।
- **DAY-NULM** योजनान्तर्गत इस नगर निकाय में अभी तक एक भी **SHG** का गठन नहीं हो पाया है । **EST&P** के तहत अब तक 03 बैच का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हुआ है तथा 04 बैच का प्रशिक्षण चल रहा है । गृहविहीनों का सर्वे कराया गया है जिनकी संख्या 53 बतायी गयी है ।
- **SWM** योजनान्तर्गत इस निकाय में अभी डोर–टू–डोर कचरा उठाव का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं किया गया है । इसके लिए अभी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ।
- इस नगर निकाय के अन्तर्गत लोक शिकायत निवारण के तहत अब तक प्राप्त 15 आवेदन पत्रों में से 14 का निष्पादन किया जा चुका है ।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य पार्षद के साथ कार्यालय परिसर के बगल में अवस्थित अनुसूचित जाति के टोले का निरीक्षण किया गया और कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इन्हें **HFA** योजनान्तर्गत आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जाए तथा शौचालय का भी प्रबन्ध अतिशीघ्र कराया जाए ।

इस नगर निकाय में नव–पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी ने अभी हाल ही में योगदान किया है । इनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाते हुए उन्हें पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा ।

19.7.18

(संजय कुमार)
विशेष सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

19 JUL 2018 प्राप्ति तिथि बिहार, पटना

20 JUL 2018 8030

ज्ञापांक 57 / SS पटना, दिनांक – 19.07.2018

प्रतिलिपि : कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बिक्रमगंज, जिला–रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

19.7.18

विशेष सचिव

ज्ञापांक 57 / SS पटना, दिनांक – 19.07.2018

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

19.7.18

विशेष सचिव

ज्ञापांक 57 / SS पटना, दिनांक – 19.07.2018

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित ।

19.7.18

विशेष सचिव